बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Corporate Communications & Investor Relations
Head Office: LOKMANGAL, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
TELE:-020 25614495, 25614366, 25514501 to 12 Extn.

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा पुणे में दो दिवसीय आवास, वाहन, शिक्षा और एसएचजी एक्सपो का आयोजन

पुणे, 08 नवंबर, 2023 : बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है, बैंक द्वारा पुणे में 04 और 05 नवंबर, 2023 को आवास, वाहन, शिक्षा और स्व-सहायता समूह (एसएचजी) एक्सपो का आयोजन किया गया।

एक्सपो में पुणे शहर के साथ-साथ शहर के बाहर से प्रसिद्ध बिल्डर्स, वाहन डीलर्स, शैक्षणिक संस्थान और स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता से उपस्थितों को एक अद्वितीय अनुभव का लाभ मिला। एक्सपो में प्रतिष्ठित बिल्डरों, वाहन डीलरों, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के कुल मिलाकर 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें एसएचजी के 80 स्टॉल शामिल थे, जिसमें उन्होने अपने श्रेष्ठ उत्पादों को प्रदर्शित किया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए एस राजीव द्वारा बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री आशीष पांडे और श्री रोहित ऋषि की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित बैंक अधिकारियों के साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डीआरडीए की परियोजना निदेशक श्रीमती शालिनी कडु पाटिल; नाबार्ड की सीजीएम श्रीमती रश्मि दराड़; पुणे नगर निगम के उपायुक्त श्री राजू नंदकर; मॉडर्न एजुकेशन सोसाइटी के ट्रस्टी श्री सचिन सानप; मॉडर्न एजुकेशन सोसाइटी के ट्रस्टी श्री अशोक चांडक; नौरोसजी वाडिया कॉलेज के प्रिंसिपल श्री वसंत चाबुकस्वर; नेस वाडिया कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रिंसिपल श्री वृषाली रणधीर रहे।

उद्घाटन के दौरान, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए एस राजीव ने अपनी गहन अंतर्दृष्टि को साझा करते हुए कहा कि “यह एक्सपो सशक्तिकरण, अन्वेषण और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। बिल्डरों, वाहन डीलरों, शैक्षणिक संस्थानों और स्वयं सहायता समूहों को एक साथ लाकर, हमने सपनों को उड़ान देने और उन समुदायों के जीवन को समृद्ध बनाने हेतु एक मंच तैयार करने का लक्ष्य रखा है जिन्हें हम सेवा प्रदान करते हैं।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक, श्री आशीष पांडे ने कहा, “एक्सपो नागरिकों की बढ़ती बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने हेतु हमारी अनुकूलनशीलता और तत्परता का एक संकेत है। यह आयोजन मात्र व्यवसाय से कहीं बढ़कर है। यह सकारात्मक बदलाव लाने और सभी के लिए समृद्धि लाने हेतु मिलकर कार्य करने के लिए है। तीव्र बदलाव के इस दौर में, डिजिटल बैंकिंग और अन्य नई तकनीकों ने दुनिया को बदल दिया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र इन परिवर्तनों को अपनाने और अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने हेतु डिजिटल नवाचार का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक, श्री रोहित ऋषि ने कहा, “हम अपने सभी ग्राहकों और जन सामान्य द्वारा इतनी बड़ी संख्या में एक साथ मिलने वाले शानदार समर्थन और भागीदारी से उत्साहित हैं। यह एक्सपो वित्तीय सेवाओं के बारे में नहीं है; यह लोगों के सपनों और आकांक्षाओं के बारे में है और हम उन सपनों को पूरा करने और सभी के लिए एक मजबूत, अधिक समृद्ध भविष्य का निर्माण करने हेतु यहां हैं।”

बिल्डरों ने आवास उद्योग में नवीनतम रुझानों (ट्रेंड्स) को प्रदर्शित किया, जिससे उपस्थितों को आवास विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला को जानने का अवसर मिला। अपने सपनों की कार की तलाश कर रहे लोगों ने वाहन उद्योग में नवीनतम इनोवेशन को देखा और विभिन्न बाजार क्षेत्रों में वाहनों की विविध श्रृंखला देखी। शैक्षिक संस्थानों ने विभिन्न शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास पाठ्यक्रमों में अंतर्दृष्टि प्रदान की। एक्सपो ने स्थानीय स्वयं सहायता समूहों को भी अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने हेतु मंच प्रदान कर सहयोग प्रदान किया। स्वयं सहायता समूहों द्वारा लाइव काउंटरों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए महाराष्ट्रीयन व्यंजनों का भी लोगों ने आनंद लिया, एक्सपो से परे इस प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों और आपूर्ति पक्ष के अन्य घटकों के साथ उत्सव मनाने की व्यवस्था का केंद्र भी बैंक रहा।

आगंतुको ने "आधार ऑन व्हील्स" पहल के माध्यम से आधार नामांकन भी देखा, मेटको स्टॉल ने लोगों को वसीयत बनाने के महत्व और मेटको उन्हें इसे बनाने में कैसे मदद कर सकती है इसके बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में आगंतुक बैंक की डिजिटल गैलरी भी देख पाए और ग्राहकों ने चलते-फिरते नकदी निकालने में सक्षम बनाने वाले मेटावर्स और एटीएम ऑन व्हील्स का भी अनुभव किया। ग्रामीण जीवन के उत्थान हेतु बैंक द्वारा की गई विभिन्न ग्रामीण विकास पहलों को प्रदर्शित करने के लिए ग्रामीण महिला एवं बालक विकास मंडल (जीएमवीबीएम), ग्रामीण विकास केंद्र (आरडीसी) और एमएआरडीईएफ जैसे अन्य स्टॉल भी लगाए गए थे।

आवास, वाहन, शिक्षा और एसएचजी एक्सपो को लोगों से अत्यंत उत्साहवर्धक प्रतिसाद मिला और कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग आए। आगंतुकों ने न केवल आवास और वाहन विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की जानकारी प्राप्त की, बल्कि उन पाठ्यक्रमों के बारे में भी जाना जो उन्हें अपने करियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र इस एक्सपो को, सभी हितधारकों की समृद्धि और उनके बेहतर सहयोग को बढ़ावा देने की नींव के रूप में देखता है। ऐसे मंच प्रदान करके, बैंक इस क्षेत्र में आर्थिक विकास और सफलता हेतु उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना चाहता है। यह आयोजन न केवल सशक्तीकरण, संभावना और उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि समुदाय के विकास को सुविधाजनक बनाने और अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भविष्य में इस तरह की पहल के लिए निरंतर सहयोग करने का वादा भी करता है।

****